तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 22 जून 2026



10 योग स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और सकारात्मक...



10 58 हजार किसानों के खातों में प्रधानमंत्री ...



# ‘योग’ संस्कृति की अमूल्य परंपरा, सकारात्मक ऊर्जा का कारक

# गांव से लेकर शहर तक हजारों लोगों ने किया योगा व प्राणायाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रियदर्शिनी स्टेडियम में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक किरण सिंह देव शामिल हुए। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य परंपरा है, जो शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने नियमित योगाभ्यास से होने वाले स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी।

सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से लोगों को निरोगी जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में स्वास्थ्य जीवन के लिए नशा मुक्ति का संकल्प लिया गया। विधायक और महापौर ने स्टेडियम परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम में महापौर संजय पांडेय, आईजी सुंदरराज पीसीसीएफ स्टायलो मंडावी, कलेक्टर, आकाश छिकारा पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पुलिस विभाग और नगर सेना के जवान एवं नागरिक उपस्थित रहे। जिले के सभी विकासखंडों में योगाभ्यास किया गया। तोकापाल में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल शामिल हुए। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों ने स्वास्थ्यवर्धक योगासन, प्राणायाम एवं विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया।

## पतंजलि योग परिवार के योगाचार्यों ने कराया रोज योग करने का संकल्प

12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योग समिति द्वारा स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर जनजागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला गांवों से शहर तक की गई और सैकड़ों स्थानों पर पतंजलि योग परिवार के योगाचार्यों ने जाकर योग और ध्यान कराया। इस कड़ी में बस्तर अंचल के गांवों में योग चौपालें लगाई जा रही हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि के प्रशिक्षित योगाचार्यों द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योग सत्रों का संचालन किया गया। पतंजलि योग परिवार की ओर से जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इंदिरा प्रियदशार्नी स्टेडियम के मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशअध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव रहे। अध्यक्षता महापौर संजय पांडेय ने किया। भाजपा जिलाध्यक्ष



वेदप्रकाश पांडेय, योगेन्द्र पांडेय, संग्राम राणा, सुरेश गुप्ता, अविनाश कुमार, अभिषेक तिवारी सहित प्रशासनिक अधिकारियों में आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर आकाश चिकारा, एसपी शलभ कुमार सिन्हा, सीईओ प्रतीक जैन, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, जिला शिक्षा अधिकारी बालिराम बघेल, जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहनीश साहू, वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, तहसीलदार गौरव कुमार साथ ही बड़ी संख्या में एनसीसी, स्काउट, पुलिस जवान और महिलाओं ने भाग लिया। योग सत्र का भव्य संचालन पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ के प्रांत प्रभारी डॉ. मनोज पाणिग्राही ने कहा कि आज के दिन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और घर-घर तक योग को पहुंचाने के लिए योगगुरु स्वामी रामदेव को श्रेय जाता है। इसी उल्लास और उमंग के साथ संपूर्ण छत्तीसगढ़ में विश्व योग दिवस मनाया ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### सीएम हेल्पलाइन 1076 से मिला त्वरित समाधान



**बीजापुर।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में दर्ज शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर पालिका परिषद बीजापुर ने वार्ड क्रमांक 10 स्थित चट्टानपारा क्षेत्र में सामुदायिक भवन के समीप किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाकर शिकायत का सफल निराकरण किया। कार्रवाई के बाद शिकायतकर्ता ने संतोष व्यक्त करते हुए प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद का आभार प्रकट किया। बीजापुर निवासी सुनील झाड़ी ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराते हुए शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण की जानकारी दी थी। शिकायत प्राप्त होने के बाद नगर पालिका परिषद द्वारा नियमानुसार कई बार अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए। इसके पश्चात निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए नगर पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की। शिकायतकर्ता द्वारा ऑडियो संदेश के माध्यम से क्षेत्र में स्थित एक पुराने कुएं को पाटे जाने संबंधी शिकायत भी की गई थी। इस संबंध में नगर पालिका द्वारा विस्तृत जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि लगभग 15 फीट का उक्त छोटा कुआं बरसाती नाले के समीप पहाड़ी ढलान वाले दुर्घटनाजन्य स्थल पर स्थित था। स्थानीय निवासियों ने सुरक्षा कारणों से पूर्व में ही उसे पाट दिया था। जांच के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि वर्तमान में क्षेत्र के रहवासियों को नगर पालिका द्वारा नल-जल योजना के माध्यम से नियमित पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उक्त कुएं की उपयोगिता समाप्त हो चुकी है। स्थल की वर्तमान परिस्थितियों का मूल्यांकन करने के बाद यह पाया गया कि कुएं के पुनर्स्थापन अथवा अन्य किसी प्रकार के निस्तारण की आवश्यकता नहीं है।

## योग दिवस पर जनजातीय गौरव वाटिका में शिविर

**जगदलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बस्तर वनमंडल द्वारा जनजातीय गौरव वाटिका, कुम्हड़ाकोट में निःशुल्क योग शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसमें थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से सशक्त तथा भावनात्मक रूप से संतुलित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योग प्रशिक्षिका अंजलि अवस्थी के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। इसी दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव तथा महापौर संजय पांडे द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत रुद्राक्ष, जामुन, आम एवं मौलश्री के ▶▶| शेष पेज 10 पर



### बीमारियों की रोकथाम में प्रभावी

मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी सुश्री स्टाइलो मंडावी ने योग के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी देते हुए बताया कि योग तनाव को कम करने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी है।

### योग को जीवन का हिस्सा बनाएं

वन मंडलाधिकारी बस्तर उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि योग भारतीय संस्कृति की अनुपम देन है, जिसे आज संपूर्ण विश्व ने अपनाया है। यह शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक एवं भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया।

## स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान करता है : संजय



**जगदलपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 241 बस्तरिया बटालियन ने सेड़वा स्थित बटालियन मुख्यालय के कैम्प परिसर में योग शिविर का आयोजन किया। संजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को स्वस्थ, अनुशासित एवं तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने सभी कार्मिक से नियमित रूप से योग करने का आह्वान किया। योग सत्र के दौरान उपस्थित सभी कार्मिकों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया। इस दौरान निरंजन कुमार निराला, उप कमाण्डेंट, प्रमोद कुमार मीणा उप कमाण्डेंट, विकास कुमार सहायक कमाण्डेन्ट एवं 241 बस्तरिया बटालियन के अधिनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने भाग लिया।



## हायर सेकेंडरी स्कूल तितिरगांव में सबने किया योगाभ्यास

स्वस्थ आयु के लिए योग की मुख्य थीम पर इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तितिरगांव में संस्था के प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक, शिक्षिका ने योग कर हुए योग दिवस मनाया। इस अवसर पर प्राचार्य हेमलता त्रिपाठी ने कहा कि गहन व्यायाम के विपरीत योग सभी उम्र के लोगों के लिए उपयुक्त है। शरीर को मजबूती देना लचीलापन बढ़ाना यह सभी योग के लाभ है। वरिष्ठ व्याख्या गजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि योग मन और शरीर को सक्रिय रखता है लंबा जीवन जीने के लिए शरीर और मन का सामंजस्य और स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है और इसमें योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्या सावित्री कश्यप, पुष्प लता मसीह के आलवा रीतू सिंह, चंद्रिका सिंह राज, नीलम झा, रूपा यादव, निशा भदौरिया, निशा भदौरिया, खुश्बू चेरपा, सरिता कश्यप, बेबीरानी महापात्र, सुरभि वाजपेयी, ▶▶| शेष पेज 10 पर

## शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक कॉलेज में मनाया योग दिवस



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धरमपुरा स्थित शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक कॉलेज में योग कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम के अनुरूप संस्थान परिसर में सुबह 7.30 बजे से योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में आयोजित किया गया तथा संस्थान के प्राचार्य एसके त्रिवेदी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने स्वास्थ्य जागरूकता ▶▶| शेष पेज 10 पर

# कड़ी सुरक्षा के बीच बायोमेट्रिक आर्थेंटिक डिवाइस से ली गई उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सीसीटीवी कैमरे से हुई परीक्षा की निगरानी
- कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया नीट परीक्षा का निरीक्षण
- पालक भी डटे रहे परीक्षा केंद्र के बाहर

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की रविवार को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट का जायजा कलेक्टर आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने लिया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज धरमपुरा तथा शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा का भ्रमण कर परीक्षा कक्षों में बैठक व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के इंतजामों का अवलोकन किया।





### 175 ने नहीं दी परीक्षा



1467 परीक्षार्थी में 1292 शामिल हुए जिसमें 175 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों में पालकों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। प्रशासन पूरी तरह चौकस रहा। किसी भी तरह की गड़बड़ी न होने पाए इसके लिए आला अधिकारी निरंतर निगरानी करते रहे। साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों की पल पल की रिपोर्ट लेते रहे। पहली बार इतनी ज्यादा सुरक्षा का इंतजाम रहा और कलेक्टर, एसपी स्वयं परीक्षा की पूरी कमान अपने हाथ में रखी थी।

नीट परीक्षा के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षार्थियों को पूरी जांच प्रक्रिया के बाद परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश की अनुमति दी गई। बायोमेट्रिक आर्थेंटिक डिवाइस से परीक्षार्थियों की उपस्थिति, सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की व्यवस्था, निर्बाध बिजली की आपूर्ति के साथ ही जनरेटर की अल्टरनेट व्यवस्था की गई थी। परीक्षा सम्पन्न होने के उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं और अन्य परीक्षा संबंधी गोपनीय सामग्रियों को साथ सीलबंद किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर सीपी बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# रक्तदान को जनआंदोलन बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- ब्लड बैंक उपसमिति की हुई प्रथम बैठक

जिला बस्तर के कलेक्टर एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष आकाश छीकारा के मार्गदर्शन में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की ब्लड बैंक उपसमिति का विस्तार किया जा रहा है। उनके दिशा-निर्देशानुसार रक्तदान को जनजागरुकता एवं जनभागीदारी के अभियान के रूप में संचालित करते हुए बस्तर जिले के प्रत्येक ब्लॉक एवं ग्राम स्तर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उप समिति द्वारा नियमित रक्तदान शिविर, जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वयंसेवकों के माध्यम से रक्तदाताओं का व्यापक नेटवर्क तैयार किया जाएगा, जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। इसी क्रम में जिला ब्लड बैंक उपसमिति के गठन के पश्चात उपसमिति की प्रथम बैठक संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में रक्तदान को जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा जिले में रक्त, प्लाज्मा एवं प्लेटलेट्स ▶▶| शेष पेज 10 पर



### रक्तदान जागरुकता अभियान 10 जुलाई से

वहीं 10 जुलाई से नियानार ग्राम से रक्तदान जागरुकता अभियान प्रारंभ किया जाएगा, जिसके प्रभारी भवानी सतपथी होंगे। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि रक्त की कमी के कारण किसी भी जरूरतमंद की जान न जाए, इसके लिए जिलेभर में जागरूकता, रक्तदान शिविरों एवं जनसहभागिता के माध्यम से रक्तदान अभियान को निरंतर गति दी जाएगी।

## मानसून की दस्तक के साथ बाजारों में बिकने लगा बेशकीमती बोड़ा

# बाजार में पहुंचा पौष्टिक बोड़ा, 2000 रुपए पैली में बिक रहा!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर में मानसून के दस्तक के साथ ही देश में सबसे महंगी सब्जियों में शुमार बोड़ा भी अब बस्तर के बाजारों में दिखने लगा है। शहर के संजय बाजार में इन दिनों बोड़ा का बाजार सज कर तैयार हो गया है, आदिवासी महिलाएं ग्रामीण अंचलों से बोड़ा बेचने शहर पहुंच रही हैं।

बाजार में पहुंचा जैतगिरी का बोड़ा की कीमत 200 रुपए सोली से 2000 पैली में बिक रहा है। अपनी बेहतरीन मांग और सीमित आवक के कारण यह राज्य की सबसे महंगी मौसमी सब्जियों में से एक है। लोग इसे सर्वाधिक स्वादिष्ट मानते हैं, इसमें भरपूर प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैं। बाजार में बोड़ा बेच रही महिलाओं ने बताया कि बारिश और उमस का मौसम साल वृक्षों के नीचे उगने वाली अनोखी सब्जी बोड़ा के उगने के लिए अनुकूल माना जाता है। इस समय में बस्तर के ग्रामीण अंचलों में रहने वाले ग्रामीण जंगल जाकर बोड़ा इकट्ठा करने में लग जाते है, क्योंकि बोड़ा बेचकर ग्रामीणो को अच्छी कमाई होती है।



### लोग सालभर करते हैं बोड़ा का इंतजार

*बताया जा रहा है कि बोड़ा सब्जी मानसून में दस्तक देते साल पेड़ के पास जमीन से निकलती है। इस वजह से बस्तर में इसकी काफी डिमांड होती है, लोग सालभर इस बोड़ा का इंतजार करते हैं। जून और जुलाई के महीने में बोड़ा की सबसे ज्यादा पैदावार होती है, इस वजह से शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले बाजारों में भी बोड़ा मिलता है।*

### धनियापत्ती 200 रुपए किलो में बिक रही


*रविवार को बाजार में टमाटर 30, परवल 60, करेला 60, पत्तागोभी 40, फूलगोभी 80, बरबट्टी 40, भट्टा 50, कुंदरू 40, आलू 20, प्याज 30, गंवरफल्ली 30, सेम 60, खेक्सी 100, पालकभाजी 100 एवं धनियापत्ती 200 रुपए प्रतिकिलो की दर में बिक रहा है।*





## खबर संक्षेप

### जिला टॉप -10 की सूची में शिशु मंदिर के चार विद्यार्थी



**केशकाल।** केन्द्रीकृत प्राथमिक बोर्ड परीक्षा ( 2026-2027) में शिशु मंदिर केशकाल जिला कोण्डागांव के कक्षा पांचवी के चार विद्यार्थियों ने जिला की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है। हर्षिका अग्निहोत्री ने 96.50% प्राप्त कर जिले में तृतीय स्थान हासिल किया। देवेंद्र नेताम ने 95. 50% प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया। जागेंद्र नेताम ने 93.50% प्राप्त कर नौवा स्थान प्राप्त किया वहीं दीपांकर यादव ने 93 % प्राप्त कर नवम स्थान हासिल किया। विद्यालय की प्राचार्य जे आर नाग, एवं समस्त विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन पर दिया जोर



**कोण्डागांव।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा में स्थापित बायोगैस संयंत्र का निरीक्षण कर इसकी कार्यप्रणाली, गैस उत्पादन एवं उपयोग की स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने जनपद पंचायत कोण्डागांव के अधिकारियों, सरपंच एवं सचिव को संयंत्र के सुचारू संचालन के लिए पर्याप्त मात्र में गोबर की नियमित उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। बायोगैस संयंत्र स्वच्छ ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्त्रोत है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जैविक अपशिष्टों के बेहतर उपयोग को बढ़ावा देता है। सीईओ ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक घर एवं सामुदायिक स्तर पर गीले, सूखे, घरेलू जोखिमयुक्त तथा स्वच्छता अपशिष्ट के पृथक्करण के लिए चार प्रकार के डस्टबिन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित कचरा संग्रहण, स्त्रोत स्तर पर अपशिष्ट पृथक्करण तथा कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। सीईओ ने ग्रामीणों से स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर जैविक अपशिष्टों के उपयोग और ग्राम पंचायतों को स्वच्छ एवं हरित बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक स्थल पर पिलाई शराब, एक पर की कार्रवाई

**कांकेर।** कांकेर जिले में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस कार्रवाई जारी है। चारामा थाना क्षेत्र के आंवरी चौक में सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते पाए जाने पर तेलगुड़ा निवासी अजय नारायण को 20 जून को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया, वहीं नरहरपुर पुलिस ने गितपहर निवासी 32 वर्षीय अजय कुमार उसेंडी के कब्जे से 4.260 लीटर अवैध शराब जब्त की।

---

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस:** स्कूलों, कालेजों, प्रतिष्ठानों, कार्यालयों में किया गया

# योग स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और सकारात्मक जीवनशैली का आधार, बच्चे, युवा, महिला सभी ने किया योगाभ्यास





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पालकों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग के अनुरूप बच्चों को योग और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी गई। योग को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का आधार बताया गया। प्रधान अध्यापक मधु तिवारी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास किया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास में भाग लिया। प्रधान अध्यापक ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मअनुशासन और स्वस्थ जीवन का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पालकों ने नियमित योग करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार एवं पालकों की सक्रिय सहभागिता रही।

- **प्राथमिक शाला जोंदरापदर में आयोजन, बच्चों ने स्वस्थ आयु के लिए योग थीम में किया**

## टाटामारी में योग दिवस मनाया गया



**केशकाल।** रविवार को बारहवा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। लोगो को प्राकृतिक सुंदरता से आकर्षित करने वाले टाटामारी के इको पर्यटन केंद्र मे आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में केशकाल विधानसभा के पूर्व विधायक एवं कोंडागांव जिला के जिलाध्यक्ष सेवक नेताम केशकाल नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी सहित भाजपा कार्यकर्ता, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उत्कृष्ट व्यवस्थाएं की गईं, जिसके कारण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। योग शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया तथा स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। योग प्रशिक्षण एवं अभ्यास का संचालन योग प्रशिक्षक सुनील चौरडिया द्वारा किया गया। उन्होंने विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम की जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को योग के महत्व, स्वास्थ्य लाभ एवं नियमित योगाभ्यास की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। यह आयोजन केशकाल क्षेत्र के लिए एक प्रेरणादायक एवं लाभकारी पहल साबित हुआ, जिससे लोगों में योग के प्रति सकारात्मक जागरुकता एवं स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ी।

## डाक कर्मचारियों ने योग से स्वस्थ रहने, कार्यक्षमता बढ़ाने का दिया संदेश



शहर के उपडाकघर परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कर्मचारियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उपडाकघर कोंडागांव एवं आसपास के शाखा डाकघरों के कर्मचारियों ने तड़के आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। प्रतिभागियों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ एवं निरोग रहने का संकल्प लिया। कर्मचारियों ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सु–ढ़ बनाता है तथा तनाव कम कर कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक है। कार्यक्रम का समापन योग को जन–जन तक पहुंचाने और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश देते हुए किया गया।

---

## शैक्षणिक व्यवस्था, योजनाओं विद्यालय संचालन की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संकुल केन्द्र गिरोला सातगांव अंतर्गत सभी प्रधानपाठकों एवं शिक्षकों की संयुक्त बैठक शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरोला में आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय संचालन, छात्र हित से जुड़ी योजनाओं तथा शासन के निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

बैठक में प्राप्त पाठ्यपुस्तकों के स्कैनिंग कार्य, यूडीआईएसई. पोर्टल में विद्यार्थियों की प्रविष्टि एवं प्रोग्रेशन, अपार आईडी निर्माण, आधार कार्ड सुधार, एमबीयू एवं वीएसके से संबंधित कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव, गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों की मांग और प्राप्ति की समीक्षा की गई। साथ ही शाला त्यागी बच्चों के सर्वे, दिव्यांग विद्यार्थियों के चिन्हांकन एवं नवीन प्रवेश की स्थिति पर भी विचार–विमर्श किया गया। बैठक में संकुल गिरोला एवं सातगांव के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के प्रधानपाठक, शिक्षकगण तथा दोनों संकुलों के संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

**मध्यान्ह भोजन, स्वच्छता और किचन गार्डन की समीक्षा:** बैठक में विद्यार्थियों को निर्धारित मेनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने, विद्यालय परिसर की साफ–सफाई बनाए रखने तथा किचन गार्डन विकसित करने के निर्देश दिए गए। जाति, निवास एवं आय प्रमाण–पत्र संबंधी कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। विद्यालयों की दर्ज संख्या, स्वीपर एवं रसोइयों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू करने के संबंध में भी शिक्षकों से सुझाव लिए गए। **बेहतर शैक्षणिक वातावरण निर्माण के दिए निर्देश:** संकुल प्राचार्य संजय कुमार राठौर ने कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, संयुक्त संचालक एच.आर. सोम एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान के निर्देशों का उल्लेख करते हुए सभी शिक्षकों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण निर्माण, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

## जांच व मुआवजे की मांग को लेकर सौंपा गया ज्ञापन



**कोण्डागांव।** शहर में सतनामी समाज के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन के माध्यम से जिला जेल रायगढ़ में हुई संजय बघेल की संदिग्ध मृत्यु की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। समाज के पदाधिकारियों ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा को ज्ञापन सौंपा और मामले में उचित कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में मृतक संजय बघेल के परिजनों को आर्थिक सहायता के रूप में एक करोड़ रुपये मुआवजा प्रदान किए जाने की मांग भी की गई। समाज के प्रतिनिधियों ने मामले की पारदर्शी जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान सतनामी समाज के जिला संरक्षक लखमू राम टंडन, शानू मारकंडे, जिला उपाध्यक्ष भागवत चतुर्वेदी, गुरुचरण मारकंडे, अंबेडकर वार्ड समाज प्रमुख सोनू बंजारे सहित लंजोड़ा क्षेत्र के समाजजन उपस्थित रहे। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि घटना की वास्तविक परिस्थितियों को सामने लाने और पीड़ित परिवार को उचित राहत दिलाने के लिए निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच आवश्यक है।

**कलेक्टर की अध्यक्षता में उद्योगपतियों, व्यापारिक संगठनों की बैठक**

## औद्योगिक विकास को मिलेगा नया बल, निवेश बढ़ाने पर जोर



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा उद्योगपतियों, व्यापारिक संगठनों और चौंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में औद्योगिक विकास को गति देना, उद्योग संचालन से जुड़ी प्रक्रियाओं का सरलीकरण करना और नए निवेश को प्रोत्साहित करना था।

बैठक में 'छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024–2030' के तहत उपलब्ध प्रोत्साहनों, योजनाओं, निवेश अवसरों एवं औद्योगिक सुविधाओं पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। चैंबर ऑफ कॉमर्स, राइस मिलर्स एसोसिएशन, श्रमिक संगठनों एवं उद्योग प्रतिनिधियों ने औद्योगिक अधोसंरचना, नियमों के सरलीकरण और निवेश अनुकूल माहौल को लेकर अपने सुझाव साझा किए। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि जिले में उद्योगों के विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा तथा उद्योगों से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, औद्योगिक संभावनाओं के बेहतर उपयोग और आर्थिक गतिविधियों को मजबूत बनाने के उपायों पर भी चर्चा की गई। बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के अधिकारियों, चेंबर ऑफ कॉमर्स, राइस मिलर्स एसोसिएशन, श्रमिक संगठनों तथा जिले के विभिन्न उद्योगपतियों और व्यापारिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## जिला समन्वयक को कारण बताओ नोटिस

खबर का असर

**फरसगांव।** सड़क दुर्घटना में घायल मरीज को समय पर 108 एंबुलेंस नहीं मिलने और इस संबंध में हरिभूमि समाचार पत्र एवं ऑनलाइन पोर्टल में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। फरसगांव एसडीएम (राजस्व) अश्वन कुमार पुसाम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 108 एंबुलेंस के जिला कोऑर्डिनेटर रूपेश सिन्हा को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि 19 जून को ग्राम बेलभाटा (बड़ेडोंगर) में हुए सड़क हादसे के बाद घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद रेफर करने के लिए रात 8 बजे 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई, लेकिन वाहन करीब दो घंटे की देरी से पहुंचा। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए एसडीएम ने 22 जून तक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उच्च कार्यालय को आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजने की चेतावनी भी दी गई है।

---

**जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष शर्मा व विधायक टेकाम हुए शामिल**

# 58 हजार किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त में जिले के 58,107 किसानों के खातों में कुल 11 करोड़ 62 लाख रुपये की राशि अंतरित की गई। इस अवसर पर जिले के फरसगांव विकासखंड अंतर्गत बोरगांव में जिला स्तरीय जैविक मेला, आत्मा मेला एवं पीएम किसान उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा तथा केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम उपस्थित रहे।

- **किसानों के खाते में पहुंचे 11 करोड़ से अधिक**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रतिवर्ष किसानों को 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे खेती-किसानी में महत्वपूर्ण सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण और भूमि की उर्वरता प्रभावित हो रही है तथा खेतों के लिए लाभकारी जीव-जंतु भी समाप्त होते जा रहे हैं। इसलिए किसानों को जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशकों का उपयोग करते हुए प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनानी चाहिए। फसल विविधीकरण पर बल देते हुए धान के बाद चना सहित अन्य दलहनी फसलों की खेती करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि खेती में आए बदलाव और रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग के दुष्परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।



उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती की ओर लौटने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने किसानों एवं आम नागरिकों के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार भी किसानों की आय बढ़ाने के लिए फसल विविधीकरण को बढ़ावा दे रही है। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किसानों की जानकारी देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किसानों के हित में संचालित विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक सेवकराम नेताम ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग के द्वारा दवाइयां का वितरण किया गया। महिला बाल विकास के द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई पुलिस विभाग राजस्व विभाग और जनपद पंचायत भारत गांव का बहुत-बहुत सहयोग रहा।

### मशीनों और गायों का किया वितरण

कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत कसावा प्रदर्शन हेतु स्टार्च एक्सट्रैक्शन मशीन का वितरण किया गया। इसके साथ ही 10 किसानों को जैविक खाद, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के माध्यम से साहीवाल गाय वितरित की गई। 4 हितग्राहियों को अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना चारा फसलों की उपयोगिता योजनांतर्गत ज्वार चारा फसल मिनीकीट तथा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित, बोरगांव द्वारा 5 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर दीपेन्द्र नाग, चंदन साहू, प्रवीर बदेशा, तरुण साना, अंजोरी नेताम, सरपंच चन्द्रकला, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम, उप संचालक कृषि कैलाश मरकाम, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. सुरेश मरकाम, डॉ. हितेश एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### पतंजलि योग परिवार के ...

गया। गांव से शहर तक लोगों ने योग को अपनाकर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। पतंजलि योग समिति का उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुंचाकर समाज को स्वस्थ, सुखी और आनंदित बनाना है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा के संतुलन का भी आधार है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर...

पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार योग मानव जीवन को स्वस्थ एवं संतुलित बनाता है, उसी प्रकार वृक्ष पृथ्वी के पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने योग के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों का उल्लेख करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक समग्र जीवन पद्धति है, जो व्यक्ति के शरीर, मन एवं आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित करती है। नियमित योगाभ्यास से तनाव एवं चिंता में कमी आती है, एकाग्रता बढ़ती है तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। बस्तर वनमंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता के समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण सिद्ध हुआ। इस अवसर पर उप वनमंडलाधिकारी योगेश कुमार रात्रे, इंद्र प्रसाद बंजारे, बस्तर वनमंडल के समस्त परिक्षेत्र अधिकारी, विभिन्न परिक्षेत्रों से आए परिक्षेत्र सहायक, परिसर रक्षक एवं स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

### हायर सेकेंडरी स्कूल...

डिकेश साहू के साथ संस्था भृत्य विमलता मांझी, चंपावती पांडे, सुषमा मौर्य आदि उपस्थित रहे।

### शासकीय कन्या ...

को बढ़ावा देने के साथ-साथ योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्थान परिवार ने योग के नियमित अभ्यास द्वारा स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने का संदेश दिया।

### रक्तदान को जनआंदोलन...

की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला अस्पताल में प्लाज्मा एवं प्लेटलेट्स की सुविधा उपलब्ध हो, इसके लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा संबंधित विभागों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से इस दिशा में सार्थक प्रयास किए जाएंगे। साथ ही प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को ब्लड बैंक उपसमिति की नियमित मासिक बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समिति ने प्रत्येक ब्लॉक में युवाओं को जोड़कर संगठन का विस्तार करने तथा रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया। इसी क्रम में आगामी 21 जुलाई को विशेष महिला रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिसकी प्रभारी मोनू सिंह को बनाया गया। बैठक में ब्लड बैंक उपसमिति के सुचारू संचालन एवं संगठन विस्तार के लिए विभिन्न ब्लॉकों के प्रभारी भी नियुक्त किए गए। बैठक में अविनाश सिंह गौतम, नवीन बोथरा, बृजेश शर्मा, संतोष भदौरिया, विनोद पांडे, भवानी सतपथी, मोनू सिंह, आशीष कच्छ एवं धीरज कश्यप मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मोतियाबिंद शिविर में 12 मरीजों का हुआ ऑपरेशन



**बस्तर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित मोतियाबिंद जांच एवं उपचार शिविर के तहत चिन्हित 12 मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन महारानी अस्पताल जगदलपुर और शहीद महेंद्र कर्मा मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में कराए गए। शिविर के दौरान जांच में मोतियाबिंद से ग्रस्त पाए गए मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया था। इसके तहत महारानी अस्पताल जगदलपुर में 8 मरीजों की सर्जरी डॉ. सरिता थॉमस के नेतृत्व में की गई। जबकि मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में 4 मरीजों का ऑपरेशन डॉ. छाया सोरी की देखरेख में संपन्न हुआ। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी मरीजों की सर्जरी सफल रही और ऑपरेशन के बाद उन्हें आवश्यक दवाइयां व परामर्श देकर एम्बुलेंश से उन्हें घर घर छोड़ा गया। डॉक्टरों ने मरीजों को ऑपरेशन के बाद देखभाल और नियमित जांच के लिए बुलाया है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि मोतियाबिंद से पीड़ित ग्रामीणों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना शिविर का मुख्य उद्देश्य है, ताकि उन्हें दृष्टि दोष से मुक्ति मिल सके और वे सामान्य जीवन जी सकें।

### सीसीएफ व डीएफओ ने किया पौधरोपण



**जगदलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर वन विभाग के सीसीएफ एवं डीएफओ ने पौधरोपण किया। इस दौरान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) सुश्री स्टाइलो मंडावी ने बताया कि जिस प्रकार योग मानव जीवन को स्वस्थ एवं संतुलित बनाता है, उसी प्रकार वृक्ष पृथ्वी के पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने भी वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला।

### युवाओं और बुजुर्गों ने लिया योग में हिस्सा



**भोंड।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत मधोता में योग शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में गांव के युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया। शिविर में मुख्य योग प्रशिक्षक के रूप में प्रेमसागर ठाकुर उपस्थित थे, जिनके मार्गदर्शन में ग्रामीणों ने योग के विभिन्न गुर सीखे।

शिविर की शुरुआत सुबह सामूहिक प्रार्थना के साथ हुई। योग प्रशिक्षक ने उपस्थित ग्रामीणों को योग का महत्व समझाते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और स्वस्थ जीवन जीने की एक कला है। उन्होंने ग्रामीण परिवेश में दैनिक दिनचर्या के साथ योग को जोड़ने के आसान तरीके बताए। सबसे खास बात यह रही कि बुजुर्गों ने प्राणायाम, कपालभाति और अनुलोम-विलोम के जरिए मानसिक शांति का अनुभव किया। सभी ग्रामीणों ने मिलकर सूर्य नमस्कार और विभिन्न स्वास्थ्यवर्धक योगासनों का अभ्यास किया। समापन पर योग प्रशिक्षक और पंचायत प्रतिनिधियों ने सभी उपस्थित जनों को दैनिक जीवन में कम से कम आधा घंटा योग को देने का संकल्प दिलाया गया।

# एनसीसी कैडेट्स ने योग से सीखा आत्म-अनुशासन और शारीरिक सुदृढ़ता का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में 1 सीजी गर्ल्स एनसीसी बटालियन, परचनपाल, रायपुर ग्रुप, एमपी एवं सीजी निदेशालय के 400 कैडेट्स ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कन्या शिक्षा परिसर में सामूहिक योग सत्र में भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन 1 सीजी गर्ल्स एनसीसी बटालियन ने कैडेट्स के मध्य शारीरिक सुदृढ़ता, मानसिक दृढ़ता, भावनात्मक संतुलन तथा आत्म-अनुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। योग सत्र का संचालन अनुभवी पतंजलि योग प्रशिक्षकों ने किया। जिन्होंने कैडेट्स को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान संबंधी अभ्यास कराए, जिससे उनके समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्रोत्साहन मिला। कैडेट्स को व्यक्तिगत स्वास्थ्य, सामुदायिक कल्याण तथा पर्यावरणीय सततता के बीच महत्वपूर्ण संबंध के बारे में जागरूक किया गया। सत्र में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण तभी संभव है जब उसके नागरिक शारीरिक रूप से सक्षम, मानसिक रूप से सशक्त तथा सामाजिक रूप से उत्तरदायी हों। उनकी उत्साहपूर्ण भागीदारी ने यह दर्शाया कि योग आज केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक सकारात्मक पद्धति बन चुका है। योग तनाव प्रबंधन, एकाग्रता वृद्धि तथा व्यक्तित्व निर्माण का एक प्रभावी माध्यम है। इस आयोजन ने एनसीसी के मूल्यों अनुशासन, एकता, नेतृत्व क्षमता तथा निःस्वार्थ सेवा को भी और अधिक सुदृढ़ किया।

## सीजी गर्ल्स एनसीसी बटालियन ने किया सामूहिक योगाभ्यास



### नियमित योग का संकल्प

समापन पर सभी कैडेट्स ने नियमित रूप से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा अपने साथियों एवं समाज को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। यह आयोजन विश्व को भारत द्वारा दिए गए अमूल्य उपहार योग के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक उत्कृष्ट अवसर सिद्ध हुआ तथा सशक्त, जागरूक एवं जिम्मेदार युवाओं के निर्माण के प्रति एनसीसी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

## विधायक की मौजूदगी में नागरिकों और पुनर्वासित युवाओं ने किया योग

# योग स्वस्थ और संतुलित जीवन की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला संसाधन केंद्र में जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों,

- जिला संसाधन केंद्र में उत्साह के साथ मनाया गया योग दिवस

प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों और पुनर्वासित युवाओं ने सहभागिता कर योग के प्रति अपनी जागरूकता एवं प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक नीलकंठ टेकाम ने दीप प्रज्वलन एवं योगाभ्यास के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास स्वस्थ और संतुलित जीवन की आधारशिला है।

कलेक्टर विश्वदीप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमन झा एवं चंद्रकांत गवर्ना, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल एवं उत्तम सिंह पंचारी सहित जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, वन विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की गतिविधियों का अभ्यास किया। विशेष रूप से पुनर्वासित युवाओं ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उनकी सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम के दौरान योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली और मानसिक संतुलन बनाए रखने में योग की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास करने तथा अपने परिवार एवं समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का यह आयोजन स्वास्थ्य, सामूहिक सहभागिता और सकारात्मक जीवनशैली के संदेश के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।



### योग दिवस पर नशामुक्त समाज का संकल्प

विधायक ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग तनावमुक्त रहने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा शरीर को स्वस्थ रखने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने लोगों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन से ही समृद्ध समाज एवं राष्ट्र का निर्माण संभव है। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को विधायक ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया।

## योग से स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर आरोग्य की ओर बढ़ाएं कदम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आयुष विभाग की ओर से जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहिनिश साहू के मार्गदर्शन में तोकापाल

- 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को कहा करेंगे योग रहेंगें निरोग

ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) शासकीय आयुर्वेद औषधालय डिमरापाल के डॉ. ऋचा कटारे के नेतृत्व में 17 जून से पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसका समापन 21 जून को किया गया। शिविर में डॉ. साहू ने बताया कि योग से स्वस्थ जीवन शैली को अपनाकर आरोग्य की ओर एक कदम बढ़ाएं, शुरूआत में प्रतिदिन 15-20 मिनट से अभ्यास शुरू करें और धीरे-धीरे समय बढ़ाएं। दिन भर में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं ताकि शरीर के विषैले तत्व बाहर निकल सकें। डॉ. कटारे ने बताया कि सुबह कालीन शौच आदि दैनिक क्रियाओं से निवृत्त होकर खाली पेट तथा ढीले-ढाले सुविधाजनक वस्त्रों के साथ योग करें। शिविर में आयुष विभाग के योग शिक्षक ज्योति विश्वकर्मा ने बच्चों को प्रतिदिन योग का प्रशिक्षण दिया, जिसमें श्वास नियंत्रण के लिए अनुलोम-विलोम, कपालभाति और भ्रामरी प्राणायाम करें, जो मानसिक तनाव को दूर करने में अत्यंत प्रभावी हैं।

# योग को दैनिक जीवन में शामिल किया जाए : डीआईजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर 217 बटालियन सीआरपीएफ वाहिनी मुख्यालय परिसर कोन्टा में डीआईजी राजेश पांडे के नेतृत्व में एवं कमांडेंट विजय शंकर की उपस्थिति में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग

- 217वीं वाहिनी सीआरपीएफ में मनाया गया योग दिवस

दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इसके साथ ही वाहिनी की सभी कम्पनियों ई/217 बटा.धर्मापेंटा, जी 217 वेलकनगुडेम एफ 217 तुमालभाटी एवं सी 217 सलातोंग में भी इसका बड़े पैमाने पर आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों के साथ साथ रेंज मुख्यालय कोन्टा व वाहिनी के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया।

डीआईजी ने योगाभ्यास में उपस्थित सभी अधिकारी एवं जवानों को इसके महत्व एवं आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि योग केवल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ही न किया जाए । बल्कि इसे अपनी दैनिक जीवन शैली में भी शामिल किया जाए जिससे दैनिक जीवन में शांति, आत्मविश्वास और साहस को बढ़ावा मिलेगा।

योग से हम शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक परिपक्वता बनाये रख सकते है। विदित हो कि पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था तभी से प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अरविन्द पी आनंद, द्वि.कमा.अधि.वीरेंद्र कुमार, द्वि.कमा.अधि.नीर सिंह मीणा, द्वि.कमा.अधि. विजय कुमार उप कमा. 217 बटा.एवं वी. मुर्गनाथन, सहा. कमा.अधिनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने मिलकर योगाभ्यास किया।



## योग शिक्षक के मार्गदर्शन में गूंजा सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

एनएमडीसी की बैलाडीला लौह अयस्क खदान किरंदुल में मुख्य अतिथि रवीन्द्र नारायण अधिशासी निदेशक के निर्देशन में परियोजना विद्यालय के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग कार्यक्रम का आयोजन


- एनएमडीसी बैलाडीला खदान में उत्साह के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

किया गया। सर्वप्रथम परियोजना विद्यालय के सभागार में मुख्य अतिथि रवीन्द्र नारायण अधिशासी निदेशक और प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा नमिता नारायण, इंटक के सेक्रेटरी ए के सिंह व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। एम तिरुपति राव उप महाप्रबंधक मानव संसाधन ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । योग दिवस के अवसर पर परियोजना प्रमुख रविंद्र नारायण ने अपने संबोधन में कहा कि योग हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। योग एक शारीरिक क्रिया है। योग हमारे शरीर, मन और ध्यान को जोड़ता है। तत्पश्चात योग शिक्षक ध्रुव ने उपस्थितों को प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, पद्मासन, व्रजासन, श्वासन व सूर्य नमस्कार आदि आसनों एवं सहज योग का अभ्यास कराया।

कार्यक्रम के दौरान के.पी.सिंह, मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन, एम.सुब्रमण्यन, महाप्रबंधक संयंत्र प्रमुख रूप से उपस्थित थे। संचालन पारितोष तिवारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मानव संसाधन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का योगदान रहा। इसी प्रकार परियोजना स्थित फुटबॉल ग्राउंड व सामाजिक भवनों में भी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगरवासियों ने योगाभ्यास किया।



### 231 बटालियन ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



गीदम। सुनील भवर कमांडेंट के नेतृत्व में 231 बटालियन ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर कमांडेंट ने जवानों को योग के महत्व व स्वस्थ्य जीवन शैली हेतु दैनिक जीवन में योग अपनाने हेतु जवानों से आह्वान किया। योग प्रशिक्षक द्वारा जवानों को विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया तथा योग के विभिन्न आसनों से होने वाले शारीरिक लाभों से जवानों को परिचय कराया। वैसे तो वाहिनी द्वारा जवानों से नियमित रूप से योगाभ्यास कराया जाता है लेकिन इस अवसर पर आयोजित योग सत्र में वाहिनी मुख्यालय के साथ-साथ दूर-दराज स्थित वाहिनी की समवायों द्वारा भी पूरे जोश तथा इच्छाशक्ति के साथ जवानों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की गई, जिसका जवानों ने भरपूर लाभ लि। इस अवसर पर सतीश कुमार मलिक द्वितीय कमान अधिकारी, संजय कुमार पूनिआ उप कमाण्डेंट, एम. संतोष सिंह उप कमा, सुनील कुमार सिंह सहायक कमाण्डेंट, चिकित्सा अधिकारी मनमोहन मीना सहित अधीनस्थ अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

## प्राकृतिक सौंदर्य के बीच तीरथगढ़ में गूंजा योग का संदेश अधिकारियों और ग्रामीणों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

विकासखण्ड दरभा अंतर्गत तीरथगढ़ जल प्रपात में 12वॉ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। योग की बारीकियों को बताते हुए भुजंगासन, मकरासन,

- स्वस्थ जीवन के लिए योग आज हर व्यक्ति की आवश्यकता : हरीश

शलभासन, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस योग दिवस में जनपद अध्यक्ष मानक दई जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश के साथ दरभा भाजपा मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद बेंजाम जनपद सदस्य गागरा राम नाग, संतोष बघेल के साथ ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी एवं शिक्षक और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन सम्मिलित हुए। सभी योगाभ्यास बड़े प्रसन्नता के साथ किया गया । जिला से आये योगाचार्य ने शांति पाठ कराते हुए योग की महत्व को बताया,जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश ने बताया कि भारत के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने 11 दिसंबर 2014 की 21 जून को विश्व योग दिवस घोषित किया। भारत योग का जन्मदाता है और योग भारतीय परम्परा का अभिन्न हिस्सा है। साथ ही कहा कि स्वस्थ्य जीवन हेतु योग आज हर व्यक्ति की आवश्यकता बन चुका। याददाश्त बढ़ाने बच्चों को नियमित भ्रामरी प्राणायाम करना चाहिए। वही जनपद अध्यक्ष ने कहा कि हमें आज के जीवनशैली के अनुरूप नियमित योग करना चाहिए। इस योग शिविर का आयोजन जनपद पंचायत द्वारा रहा। जहां जनपद पंचायत अंतर्गत अधिकारी कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम मे पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अनंत राम कश्यप एवं पंचायतों के सरपंच स्थानीय पत्रकारों ने भी योग मे शामिल हुआ।



## एनएमडीसी मुख्यालय में मनाया योग दिवस कर्मचारियों ने लिया नियमित योग का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

विश्व योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खनिज विकास निगम के बचेली परिसर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 250 कर्मचारियों और अधिकारियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ हिस्सा लेकर योग के प्रति अपनी जागरूकता का परिचय दिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली, महाप्रबंधक मानव संसाधन महेश एस. नायर, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष तथा यूनियन के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, शारीरिक फिटनेस को बनाए रखने और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। इस दौरान योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न आसन और प्राणायाम किए गए। अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और कार्यस्थल के तनाव को दूर करने के लिए योग सबसे सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम का समापन बेहद सकारात्मक माहौल में हुआ, जहां उपस्थित सभी कर्मचारियों और अधिकारियों ने केवल योग दिवस ही नहीं, बल्कि वर्ष के प्रत्येक दिन नियमित रूप से योग करने और अपने परिवार व समाज को इसके प्रति जागरूक करने का सामूहिक संकल्प लिया।



HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कॉलेज परिसर में गूंजा योग का संदेश



**जगदलपुर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर द्वारा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में विशाल योग शिविर का आयोजन किया । इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महिला पतंजलि योग समिति की सदस्य माना कोरम के निर्देशन में उपस्थित जनसमुदाय को योग का प्रशिक्षण दिया गया। इस शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय छात्र सेना, महिला पतंजलि योग समिति के सदस्यों, महाविद्यालय के स्टाफ तथा पीएमटी हॉस्टल की छात्राओं सहित लगभग 150 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया।

### मेथोडिस्ट चर्च में यूथ सेमिनार



**जगदलपुर।** चंदैया मेमोरियल मेथोडिस्ट चर्च में रविवार को एक दिवसीय यूथ सेमिनार करवाया गया, जिसमें बस्तर संभाग के सभी मेथोडिस्ट चर्च के सम्पूर्ण कलीसिया के जवानों की उपस्थिति रही। साथ में मध्य प्रदेश रीजनल कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारी रेव्ह मनीष एस गिडियन, रेव्ह. एरिक पी नाथ, डॉ. सालेम अर्नेस्ट, लंबोदर नाग कोडागांव और जगदलपुर के डीएस रेव्ह. सुरेश कुमार, रेव्ह. रविन्द्र नाथ उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत मनीष गिडियन द्वारा उद्घाटन दीप जलाकर की गई, इसके मुख्य वक्ता रेव्ह एरिक नाथ थे। उन्होंने एक नागरिक का जीवन कैसा होना चाहिए और अपने देश और समाज के लिए उन्हें कैसा बनना चाहिए इसके ऊपर उन्होंने वर्णन किया। जबकि संचालन पास्टर इंचार्ज रेव ललित मोहनलाल ने किया। अंत में मनीष गीडीएन कि आशीष वचन से सभा समाप्त की गई। इस दौरान रोनाल्ड सीबी सिंग, रोशन राज पानी, आदिश सिंग, रॉनी सावंत, सन्नी, शैलेंद्र शाह, विश्वजीत सिंह, नरेश सेठी, अनुराग तेलंग, राजकिशोर हारून, विनीश शाह, गौरव तिवारी, सुजीत नाग, जॉर्डन सामंत एवं जिले के सभी पास्टर, मिशनरी उपस्थित थे। इसकी जानकारी अनिमेष दास द्वारा दी गई।

### विद्युत कर्मचारियों ने मांगी पुरानी पेंशन



**जगदलपुर।** विधायक किरण सिंह देव से कार्यालयीन कर्मचारी संघ की भेंटकर कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों एवं समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज कार्यालयीन कर्मचारी संघ द्वारा पावर कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों की वर्षों से लंबित मांगों एवं समस्याओं के संबंध में विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। संघ के मांगों में 1 नवम्बर 2004 के पश्चात नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया जाए। लाइन परिचालक (संविदा) कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए। पात्र संविदा कर्मचारियों को नियमित नियुक्ति प्रदान करने की मांग की। जगदलपुर एवं अंबिकापुर क्षेत्र के लिए 112 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए। जगदलपुर क्षेत्र में अनुभाग अधिकारी के रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति की जाए। श्री देव ने संघ के न्यायोचित मांगों को शासन एवं संबंधित विभागों के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा तथा उनके त्वरित एवं सकारात्मक निराकरण हेतु आवश्यक पहल की जाएगी। संघ के प्रतिनिधिमंडल संघ के अध्यक्ष गगनराज हिरवानी, महामंत्री धर्मेंद्र कुमार देवांगन, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र कश्यप, प्रचार मंत्री गुलाब सिंह देवांगन, सदस्य परशुराम महाराणा सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नगर निगम को महिला पिंक टॉयलेट के लिए दिए 32.52 लाख का चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कॉरपोरेशन लिमिटेड ने नगर पालिका निगम जगदलपुर को महिला पिंक टॉयलेट के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत निगम परिक्षेत्र में दो महिला पिंक शौचालय निर्माण के लिए 32 लाख 52 हजार का धनादेश जारी किया। दो महिला पिंक शौचालय इसमें संजय मार्केट एवं शहीद पार्क में बनाए जाएंगे। निर्माण कार्य के लिए नगर निगम को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त की गई है। साथ ही उपरोक्त निर्माण कार्य केवल शासकीय भूमि में किया जाने एवं स्वीकृति केवल उपरोक्त वर्णित निर्माण कार्य हेतु है। भविष्य में इस हेतु रखरखाव एवं अन्य कार्य संबंधित संस्था द्वारा किया जावेगा। वह इस संबंध में छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कॉरपोरेशन लिमिटेड का कोई उत्तरदायित्व नहीं रहेगा। बेवरेज कॉरपोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा भाजपा की सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा स्वास्थ्य और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस पहल को बढ़ावा दिया है। सर्व सुविधा युक्त शौचालय नहीं होने के कारण परिवार के साथ बाजार जाने वाली महिलाओं को कई बार अमर्यादित परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। उनकी समस्याओं को ध्यान में रखकर बेवरेजेस कॉरपोरेशन द्वारा पिंक शौचालय निर्माण हेतु नगर निगम को सीएसआर मद से राशि स्वीकृत की गई है। आने वाले समय में नगर निगम जगदलपुर के लिए बेवरेजेस कॉरपोरेशन हमेशा साथ में खड़े रहेगा।

महापौर संजय पांडे ने कहा सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा, स्वच्छता और सम्मान के लिए बनाए जाने वाले पिंक शौचालय का निर्माण हेतु राशि उपलब्ध होने पर बेवरेज कॉरपोरेशन अध्यक्ष को धन्यवाद प्रेषित करता हूं। पिंक टॉयलेट महिलाओं की सुरक्षा व आत्मसम्मान का प्रतीक है। पिंक टॉयलेट महिलाओं और बालिकाओं के लिए विशेष रूप से विकसित सार्वजनिक शौचालय है जिनका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित स्वच्छ और सम्मानजनक स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराना है। महापौर ने श्रीनिवास मद्दी जी का आभार करते हुए कहा है की उनके सहयोग और मार्गदर्शन से नगर निगम को आगे भी मदद मिलती रहेगी।

## छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन का महापौर ने माना आभार



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य रूप से निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, कलावती कसेर, श्वेता बघेल, संग्राम सिंह राणा पार्षद पूनम सिन्हा एवं बसंती सहित बी. जय राम, शशि नाथ पाठक, राजपाल कसेर. गायत्री बघेल, रितेश सिन्हा, भास्कर समरथ,हितेश राय, मानिक राम सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लोकभवन में हुआ सम्मान

# पर्यावरण प्रेमी सम्पत झा को राज्यपाल डेका ने ट्री मैन सम्मान से नवाजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- पर्यावरण संरक्षण को दिया सामाजिक आंदोलन का रूप

पश्चिम बंगाल, गोवा एवं तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर लोकभवन, रायपुर में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में बस्तर के प्रख्यात पर्यावरण प्रेमी एवं समाजसेवी सम्पत झा को राज्यपाल रमेन डेका द्वारा शनिवार को ट्री मैन सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की गई। श्री झा को यह सम्मान पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं जनजागरण के क्षेत्र में उनके दीर्घकालीन योगदान के लिए प्रदान किया गया। उन्होंने प्रकृति और मानव के सह-अस्तित्व की भावना को आधार बनाकर बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। वृक्ष मित्र अभियान के माध्यम से उन्होंने हजारों लोगों को वृक्षारोपण और पौधों के संरक्षण से जोड़ा है। उनके नेतृत्व में वृक्ष मित्रों के सहयोग से हजारों पौधों का रोपण एवं संरक्षण किया गया है। उनके प्रयासों से समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी है तथा बड़ी संख्या में नागरिक प्रकृति संरक्षण के अभियान से जुड़े हैं। सम्पत का कार्य केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक आंदोलन का स्वरूप देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह सम्मान उनके समर्पण, जनसेवा और हरित भविष्य के निर्माण की दिशा में किए गए प्रयासों की पहचान है। ये गौरवपूर्ण सम्मान बस्तर क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी और सतत विकास के प्रति समाज की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक भी माना जा रहा है।




### 20 हजार से अधिक पौधों का रोपण व संरक्षण

बताया कि श्री झा ने पिछले तीन दशकों से पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के क्षेत्र में सक्रिय योगदान। स्वयं के व्यय से 20 हजार से अधिक पौधों का रोपण एवं संरक्षण किया। वृक्ष मित्र अभियान के माध्यम से हजारों लोगों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद स्तर पर पौधारोपण कर हरित आवरण बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका। विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक संस्थाओं, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर वृक्षारोपण एवं संरक्षण कार्यक्रम संचालित किए। एक व्यक्ति एक वृक्ष एवं वृक्ष मित्र अभियान जैसी पहलों से सामुदायिक सहभागिता को सशक्त बनाया। बस्तर की मृदा में पहला जापानी मियाजाकी आम उगाकर उद्यानिकी क्षेत्र में नवाचार की नई संभावनाएं विकसित कीं। नई पीढ़ी में पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने हेतु निरंतर जागरूकता अभियान चलाए। बस्तर की समस्याओं एवं सामाजिक यथार्थ को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाली छत्तीसगढ़ी फिल्म माटी की कथा की कहानी एवं पटकथा लिखकर विशेष पहचान बनाई। पर्यावरण, समाज और संस्कृति के संरक्षण को एक साथ जोड़कर जनआंदोलन का स्वरूप देने में महत्वपूर्ण योगदान।

# शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग जरूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर न्यायालय परिसर में योग शिविर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गोविन्द नारायण जांगडे के मार्गदर्शन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहर के जिला न्यायलय परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। विशेष न्यायाधीश न्यायालय एनआईए ने आयोजित योग शिविर में बताया कि योग शिविर एक दिन का नहीं है रोज करने से शरीर स्वास्थ्य रहता स्वस्थ रहने के लि योग कितना महत्वपूर्ण है। आज मनुष्य अपने जीवन में कितना व्यस्त है इसलिए शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग आवश्यक है। इस अवसर पर श्रीमती संगीता नवीन तिवारी, विशेष न्यायाधीश विशेष न्यायालय एनआईए जगदलपुर शैलेश अच्युत पटवर्धन, द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश, सुश्री उदयलक्ष्मी सिंह परमार, चेयरमेन स्थायी लोक अदालत जगदलुपर, जगदीश राम, तृतीय अपर जिला न्यायाधीश, शिव प्रकाश त्रिपाठी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जगदलपुर श्रीमती अदिति ठाकुर शराफ, न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी जगदलपुर, कु. अंकिता कश्यप व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जगदलपुर राहुल शराफ, न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुश्री नीति, तृतीय व्यवहार न्यायालय, श्रीमती टेसी पटेल प्रथम व्यवहार न्यायालय, जगदलपुर हरिश सलामे, द्वितीय व्यवहार न्यायालय, जगदलपुर के द्वारा योग शिविर की शुरूवात दीप प्रज्वलित कर किया गया।

# योगार्थियों ने भ्रामरी, कपालभाति, भस्त्रिका, प्राणायम का किया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने योग पखवाड़ा का समापन पूर्व माध्यमिक शाला मालगांव में किया।

- राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई करीतगांव ने योग पखवाड़ा का किया आयोजन

प्राचार्य मोनिता पाणिग्राही, पूर्व माध्यमिक शाला मालगांव के प्रधान अध्यापक टी. पी. पांडे एवं शिक्षक दशरथ कश्यप उपस्थित रहे। बच्चों ने उनके विशेष सहयोग के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल समन्वयक सुशांत कोर्राम का योगदान रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह ठाकुर ने पूरे योग पखवाड़े के दौरान योग प्रशिक्षण प्रदान किया गया। योगार्थियों ने भ्रामरी प्राणायाम, कपालभाति, भस्त्रिका, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न प्राणायामों का अभ्यास किया। साथ ही ताड़ासन, गरुड़ासन, हंसमुखासन, सूर्य नमस्कार, मंडूकासन एवं ध्यान का नियमित अभ्यास कराया गया तथा योग एवं ध्यान के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। यही नहीं स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को योगाभ्यास के लिए जागरुकता रैली निकालकर प्रेरित किया। संचालन ई.टी.आई. ट्रेनिंग कार्यक्रम समन्वयक संजीवन कुमार भूआर्य ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक अमित सिंह, तिलक जोशी, प्रदीप कुमार ध्रुव, स्वयंसेवकों में ताबीर नाग, परमानंद नाग, पुनम ठाकुर, मनीषा ठाकुर, रोहिणी ठाकुर, कामाक्षी सेठिया, बसंत, जायल, दिव्यांशु, तिलोतमा कश्यप, लिम्बती, पूर्णिमा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।




# अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली नशा त्याग की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

- अपर कलेक्टर ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ

जिले में नशामुक्त समाज के निर्माण एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला कार्यालय परिसर में नशामुक्त बीजापुर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल एवं संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल ने उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। शपथ के दौरान सभी प्रतिभागियों ने स्वयं नशे से दूर रहने, अपने परिवार एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली को अपनाने का संकल्प व्यक्त किया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए गंभीर चुनौती है। इससे न केवल स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जनभागीदारी और सतत जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशे के दुष्परिणामों तथा इसके सामाजिक प्रभावों की जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक करने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखकर ही स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध समाज की स्थापना की जा सकती है। जिला कार्यालय में आयोजित इस शपथ कार्यक्रम के माध्यम से नशामुक्त बीजापुर अभियान को नई ऊर्जा मिली।

### जामपदर में लगा स्वास्थ्य शिविर

**गीदम।** कलेक्टर आदेशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में वर्षा ऋतु से पहले जिले के पहुंचविहीन एवं दुर्गम ग्रामों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम जामपदर में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। मानसून के दौरान जिले के कई गांव सड़क संपर्क टूटने के कारण मुख्यालय से कट जाते हैं। ऐसे में ग्रामीणों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता और मलेरिया, डायरिया, वायरल बुखार जैसी मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसी समस्या को देखते हुए कलेक्टर ने बारिश से पहले ही सभी पहुंचविहीन क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए थे। जामपदर में आयोजित शिविर में चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में सामान्य जांच के साथ-साथ मलेरिया, सर्दी-खांसी, बुखार, त्वचा रोग, रक्तचाप और शुगर की जांच की गई। गर्भवती महिलाओं और बच्चों की विशेष जांच कर उन्हें जरूरी परामर्श दिया गया। मरीजों को मौके पर ही निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

